आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश,
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 24.02.2026 समय 1850 / 1930

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने पूर्व सैनिकों से आह्वान किया कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और युवा मार्गदर्शन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने 'कृषि कुम्भ–2026' में किसानों को अर्थव्यवस्था का स्तंभ और पर्यावरण संरक्षक बताया।
- केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा– भारत टैक्सी सहकारी समिति का उद्देश्य चालकों को उनके काम का स्वामित्व देकर उन्हें सशक्त बनाना है।
- और... उत्तरकाशी के निम और पहलगाम के जिम की संयुक्त टीम ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट अकोंकागुआ पर तिरंगा फहराया।

राष्ट्रीय अधिवेशन

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के 18वें राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'वाइब्रेंट विलेज' परिकल्पना के तहत सीमा के गाँवों को "प्रथम गाँव" के रूप में स्थापित करने की सराहना की।

राज्यपाल ने कहा कि पलायन रोकना और सीमांत क्षेत्रों को सुदृढ़ बनाना रणनीतिक आवश्यकता है, जिसमें पूर्व सैनिकों का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने पूर्व सैनिकों से आह्वान किया कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और युवा मार्गदर्शन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

उन्होंने यह भी कहा कि सेना में बिताया समय युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की भावना देता है और युवाओं को राष्ट्र रक्षा को अपना धर्म मानकर आगे आने का आह्वान किया।

‘कृषि कुम्भ–2026’

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून में ‘कृषि कुम्भ–2026’ के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की आत्मा गाँवों में बसती है और गाँवों की आत्मा हमारे किसान हैं। उन्होंने कहा कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के सशक्त स्तंभ, पर्यावरण के संरक्षक और संस्कृति के संवाहक भी हैं। उन्होंने कहा कि जब विश्व खाद्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब भारतीय किसान अपनी मेहनत, नवाचार और संकल्प से समाधान प्रस्तुत कर रहा है।

श्री जोशी ने कहा कि प्रदेश के किसानों ने जैविक खेती, बागवानी, औषधीय पौधों, श्री अन्न, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन और पशुपालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि “किसान मेला” केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुभव और नवाचार का संगम है।

भारत टैक्सी

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत टैक्सी के सारथियों से बातचीत की। एक वीडियो में श्री शाह ने कहा कि भारत टैक्सी सहकारी समिति का उद्देश्य चालकों को उनके काम का स्वामित्व देकर उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि इस पहल का लक्ष्य निजी टैक्सी सेवा कंपनियों से जुड़ी समस्याओं को कम करना और लाभ चालकों को दिलाना है, न कि सहकारी समिति को।

भारत टैक्सी की अनूठी सारथी दीदी पहल का उल्लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि इस सुविधा के माध्यम से महिला यात्री अपनी यात्रा के लिए महिला चालकों का चयन कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में इस एप में महिला सुरक्षा के लिए विशेष उपाय शामिल किए जाएंगे।

राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देश में त्रुटिरहित मतदाता सूची पर जोर देते हुए कहा कि यह किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला है। श्री कुमार ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने और अपात्र मतदाताओं को इससे बाहर रखने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण—एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई थी। श्री कुमार ने कहा कि वर्तमान में 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है और इनमें से 11 राज्यों ने अपनी मतदाता सूची प्रकाशित कर दी है। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के बीच सहयोग बढ़ाना और चुनावी प्रक्रिया की सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करना है।

आरोहण

उत्तरकाशी स्थित नेहरू पर्वतारोहण संस्थान और पहलगाम स्थित जवाहर पर्वतारोहण एवं शीतकालीन खेल संस्थान की संयुक्त टीम ने एशिया महाद्वीप के बाहर दुनिया की सबसे ऊंची माउंट अकोंकागुआ पर तिरंगा फहराया है। इस अभियान का उद्देश्य भारत और दक्षिण अमेरिका के बीच पर्वतारोहण सहयोग को सुदृढ़ करना और भारतीय पर्वतारोहण प्रशिक्षकों के कौशल व दक्षता को बढ़ाना था।

छह सदस्यीय दल ने पहले माउंट बोनेट की 5 हजार 50 मीटर ऊंची चोटी पर अभ्यास किया और फिर रविवार को माउंट अकोंकागुआ की 6 हजार 9 सौ 62 मीटर ऊंची चोटी पर सफल आरोहण किया।

इस दल में नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के प्रभारी प्रधानाचार्य कनर्ल हेमचंद्र सिंह के नेतृत्व में उप प्रधानाचार्य कैप्टन जी संतोष कुमार, प्रशिक्षक दीप बहादुर शाही, विनोद गुसाईं, नायब सूबेदार भूपिंदर सिंह और जवाहर पर्वतारोहण संस्थान के हवलदार रमेश कुमार शामिल थे।

चारधाम यात्रा

चमोली जिला प्रशासन ने आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी गौरव कुमार की पहल पर आज सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने बद्रीनाथ तक की यात्रा कर यात्रा व्यवस्थाओं का जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि भगवान बद्री विशाल मंदिर के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे। उन्होंने कहा कि कपाट खुलने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने बताया कि यात्रा के दौरान जिले की विभिन्न पुलिस चौकियों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। साथ ही जिले की सीमाओं पर बैरिकेडिंग की जाएगी और यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा जांच भी की जाएगी।

कुमाऊँ आयुक्त दौरा

कुमाऊँ मंडल के आयुक्त दीपक रावत आज से बागेश्वर जिले के दो दिवसीय दौरे पर हैं। पहले दिन उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की और कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला, राज्य और केंद्र पोषित योजनाओं, मुख्यमंत्री घोषणाओं, राजस्व प्राप्तियों और लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की गई। आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को जिला अस्पताल में 24 घंटे सेवाएं सुनिश्चित करने, शिक्षा विभाग को पीएम–श्री योजना की प्रगति तेज करने और लोक निर्माण विभाग को 60 दिन में सड़कों पर नाम पट्ट लगाने के निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत में आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि जिले में जो बेहतर कार्य हो रहे हैं, उन पर संतोष जताया गया। उन्होंने बताच कि प्राधिकरण के पास शेष धनराशि का उपयोग विकास कार्यों में किया जाएगा।

नई राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी नीति

केंद्र सरकार ने सभी तरह के आतंकवाद की रोकथाम और आतंकी गतिविधियों को धन मुहैया करने के खिलाफ नई राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी नीति और रणनीति– प्रहार का अनावरण किया। यह रणनीति आतंकवाद के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए एक व्यापक व्यवस्था प्रस्तुत करती है। इसमें आतंकवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया गया है। मंत्रालय ने बताया है कि हालांकि खतरों का स्वरूप लगातार बदल रहा है और नई चुनौतियां सामने आ रही हैं, फिर भी देश सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

स्थापना दिवस

आज चमोली, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ जिलों का स्थापना दिवस है। इसी दिन वर्ष 1960 में चमोली को पौड़ी गढ़वाल जिला से अलग कर एक पूर्ण जिला के रूप में स्थापित किया गया था। इससे पूर्व वर्तमान चमोली क्षेत्र, पौड़ी गढ़वाल की एक तहसील के रूप में शामिल था। 24 फरवरी 1960 को इसे पृथक कर नए जिले का गठन किया गया।

चमोली जिला उत्तराखंड राज्य के गढ़वाल मंडल में हिमालय की गोद में बसा है और अपने प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक स्थलों तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है। जिले में स्थित बद्रीनाथ मंदिर, हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी जैसे प्रमुख तीर्थ एवं पर्यटन स्थल इसे न केवल प्रदेश, बल्कि देश और विदेश के पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनाते हैं।